भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1563
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

बंद उप डाकघरों को फिर से चालू करना

1563. श्री डी. एम. कथीर आनंद :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में उप डाकघरों को बंद कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश के कुल डाकघरों और उप डाकघरों का ब्यौरा क्या है और इन डाकघरों में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं;

(ग) क्या सरकार ने वनियाम्बडी के निकट पुडुर स्थित उप डाकघर को बंद कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा देश के विशेषकर वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पुडुर, वनियाम्बडी में उप डाकघरों को पुन: चालू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) देश में उप डाकघरों को बंद किए जाने संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) देशभर में डाकघरों की कुल संख्या 1,64,987 है, जिनमें 24,286 उप डाकघर हैं। डाकघरों में कार्यरत कार्मिकों की कुल संख्या 4,53,593 (1,85,757 विभागीय कर्मचारी तथा 2,67,836 ग्रामीण डाक सेवक) है।

(ग) वनियाम्बडी के निकट पुडुर स्थित उप डाकघर को बंद नहीं किया गया है।

(घ) उपरोक्त (ग) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****